Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 17 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 198

# अतीक-अशरफ के तीनों हमलावरों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**लखनऊ (आरएनएस)।** प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को मारने वाले तीनों आरोपियों को प्रयागराज कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले तीनों शूटर अरुण मौर्य, सन्नी सिंह और लवलेश तिवारी को प्रयागराज की अदालत में पेश किया गया था।

बीती रात टीवी कैमरों के सामने अतीक और अशरफ की हत्या कर दी गई थी। पुलिस और पत्रकारों की मौजूदगी में अतीक और उसके भाई अशरफ पर आरोपियों ने मिलकर जमकर गोलियां बरसाई थी। इस चौंकाने वाले घटनाक्रम के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया है। प्रयागराज के कुछ इलाकों में इंटरनेट को बंद कर दिया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री उच्चस्तरीय बैठकें कर रहे हैं।



## नाबालिग बेटों को बाल सुधार गृह से कसारी मसारी कब्रिस्तान लाया गया, अतीक-अशरफ को कर रहे सुपुर्द-ए-खाक

गैंगस्टर अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ के शव को कसारी मसारी कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। कड़ी सुरक्षा के बीच उनके शवों को कब्रिस्तान लाया गया। गैंगस्टर अतीक अहमद के नाबालिग बेटों को बाल सुधार गृह से कब्रिस्तान लाया गया।कब्रिस्तान में अतीक के करीबी और रिश्तेदार मिट्टी देने पहुंचे है। अतीक की बीवी को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वो अतीक की मिट्टी में शामिल होगी या नहीं। बताया गया है कि अतीक की बेगम शाहिस्ता परवीन भी कब्रिस्तान पहुंची है ताकि आखिरी बार अपने शोहर का चेहरा देख सके। बता दें कि कई महिलाएं समूह में आई थी और उनमें से एक महिला जिद कर रही थी। इस पर अफवाह हो गई कि जिद करने वाली महिला अतीक की बीवी शाहिस्ता परवीन है। अभी तक ये पुलिस या प्रशासन की तरफ से नहीं बताया गया है कि जिद करने वाली महिला अतीक की बीवी है या कोई और।

## अतीक हत्याकांड की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ अहमद की बीती रात हुई हत्याओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के गठन की रविवार को अधिसूचना जारी कर दी। जांच आयोग अधिनियम 1952 के तहत स्थापित, पैनल का नेतृत्व उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरविंद कुमार त्रिपाठी करेंगे। इसमें सेवानिवृत्त डीजीपी सुबेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी शामिल होंगे। आयोग दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा।

## अतीक के तीनों हमलावर यूपी के अलग-अलग जिलों के हैं निवासी

गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले तीनों हमलावर उत्तर प्रदेश के तीन अलग-अलग जिलों से ताल्लुक रखते हैं। लवलेश तिवारी बांदा, सनी सिंह हमीरपुर और अरुण मौर्य कासगंज का रहने वाला है। हैरानी की बात यह है कि तीनों के परिजनों ने हमलावरों से संबंधों से इनकार किया है और कहा है कि वे घटना से बहुत पहले ही अपने घरों को छोड़ चुके हैं। तीनों पर पूर्व में छोटे-मोटे अपराधों के लिए मामला दर्ज कर जेल भेजा जा चुका है। दोनों भाइयों की हत्या के पीछे हमलावरों के मकसद का पुलिस के पास कोई जवाब नहीं है। तीनों हमलावर घटना के 48 घंटे पहले प्रयागराज आए थे और एक होटल में ठहरे हुए थे।

## अतीक पर हमला करने वालों ने प्रतिबंधित जिगाना पिस्तौल का किया इस्तेमाल : पुलिस

गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या करने वाले तीन हमलावरों ने अत्याधुनिक जिगाना पिस्तौल का इस्तेमाल किया था, जो भारत में प्रतिबंधित हैं। गौरतलब है कि जिगाना एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल है जो तुर्की की बन्दूक निर्माण कंपनी टीआईएसएएस द्वारा निर्मित है। उक्त पिस्तौल का उत्पादन 2001 में शुरू हुआ था और यह मूल डिजाइन वाली तुर्की की पहली पिस्तौलों में से एक है। जिग़ाना पिस्तौल में संशोधित ब्राउनिंग-टाइप लॉकिंग सिस्टम के साथ लॉक-स्लाइड शॉर्ट रिकॉइल ऑपरेटिंग तंत्र है। ये भारत में प्रतिबंधित हैं। इस पिस्टल की कीमत करीब 6 से 7 लाख रुपए है। अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार दोनों शनिवार की रात एक अस्पताल से मेडिकल जांच कराने के बाद बाहर आ रहे थे, तभी मीडिया ने उन्हें घेर लिया। अचानक दो पत्रकारों ने अपना-अपना कैमरा और माइक गिरा दिया और अतीक और अशरफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उन्हें मार डाला। पुलिसकर्मी मान सिंह को चोटें आईं और हमलावरों में से भी एक घायल हो गया। इसके बाद शूटर लवलेश तिवारी, सन्नी सिंह व अरुण मौर्य ने अपने हथियार गिरा दिए। इस घटना को कवर कर रहे कुछ पत्रकारों को भी मामूली चोटें आई हैं। इसने आगे कहा कि पूछताछ के दौरान तीनों ने खुलासा किया कि वे अतीक और अशरफ के गिरोह को खत्म करना चाहते थे और राज्य में अपना नाम करना चाहते थे, ताकि भविष्य में उन्हें फायदा हो सके। पुलिस की कड़ी निगरानी का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद भाग नहीं सके।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वाटर पार्क में बंदूकधारियों ने बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, नाबालिग सहित 7 लोगों की मौत

**मैक्सिको ।** सेंट्रल मैक्सिको से एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि बीती देर रात यहां के वाटर पार्क में बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। गोलीबारी की इस घटना में 7 साल के बच्चे सहित 7 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा एक व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है, हालांकि उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फायरिंग की इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहां के लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद पुलिस तुरंत मौके पर वहां पहुंची। फिलहाल हमलावर पुलिस की गिरफ्त से फरार है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की इस घटना में मरने वालों में एक सात साल की नाबालिग समेत तीन पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

### यूपी : एसयूवी से कुचलकर गार्ड की मौत

**कानपुर (आरएनएस)।** कानपुर में नवाबगंज पुलिस सर्कल की सीमा के तहत मौनी घाट आजाद नगर इलाके में एक प्रमुख मसाला व्यवसायी के बंगले पर खड़ी एक एसयूवी ने 35 वर्षीय सुरक्षा गार्ड को कुचल दिया। सुरक्षा गार्ड के परिजनों ने हंगामा किया और आरोप लगाया कि उसकी हत्या की गई है। इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मृतक की पहचान नवाबगंज निवासी आदित्य मिश्रा के रूप में हुई है। हादसा शनिवार को हुआ। गार्ड मसाला निर्माण कंपनी के मालिक अनुराग गुप्ता के आजाद नगर बंगले पर तैनात था। थाना प्रभारी नवाबगंज प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि जांच के दौरान घटना स्थल पर एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ मिला है और पुलिस तथा फोरेंसिक विशेषज्ञ इसे खंगाल रहे हैं।

### जेल में बीमार कैदी की मौत, परिजनों का इलाज में देरी का आरोप

**सीतापुर (आरएनएस)।** सीतापुर जिला जेल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में बंद एक कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक बबलू सिंह के परिजनों ने इलाज में देरी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना से नाराज कुछ साथी कैदी भी भूख हड़ताल पर बैठ गए, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्रवाई के आश्वासन के बाद इसे खत्म कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित ने गुरुवार को पेट दर्द की शिकायत की थी, इसके बाद जेल के डॉक्टर की सलाह पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लखनऊ में स्पॉ ट्रीटमेंट के नाम पर युवक से 35 हजार की ठगी

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ में अपने और अपनी पत्नी के लिए स्पॉ उपचार चाहने वाले एक व्यक्ति से 35 हजार रुपये की ठगी की गई। खुद को आयुर्वेदिक उपचार ब्रांड का कार्यकारी बताकर उन्हें स्पॉ उपचार की पेशकश की गई थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता, हेम पंत ने कहा कि उसने राकेश चंद्र से बात करने के बाद तपस्वी कॉटेज में जगह बुक करने के लिए पैसे जमा किए, जिसने आयुर्वेदिक उपचार ब्रांड के कार्यकारी होने का दावा करते हुए उससे संपर्क किया था।

# आंध्र प्रदेश में दो कारों की टक्कर में चार लोगों की मौत




**अमरावती (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में एक सडक़ दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। हादसा चित्तूर-कडपा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामपुरम मंडल में कोठापल्ली क्रॉस के पास रविवार तडक़े दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ।

हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कडपा स्थित राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती कराया है। मृतकों की पहचान लक्ष्मम्मा, चिन्नक्का, नरसैया और कार चालक राजा रेड्डी के रूप में हुई है।

वाईएसआर कडप्पा जिले के बुडवेल की लक्ष्मम्मा को लकवा मार गया था और उनके परिवार के सदस्य उन्हें एक कार में इलाज के लिए चित्तूर जिले के विरुपाक्षपुरम ले जा रहे थे। हालांकि, जिस कार में वे यात्रा कर रहे थे, वह कोठापल्ली क्रॉस के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य कार से टकरा गई।

लक्ष्मम्मा, उनके बेटे नरसैया और ड्राइवर राजा रेड्डी की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य रिश्तेदार चिन्नक्का और हर्षवर्धन गंभीर रूप से घायल हो गए। चिन्नाका ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

रायचोटी से कडपा जा रही कार में सवार तीन लोग टक्कर में घायल हो गए। उन्हें रिम्स कडप्पा में भर्ती कराया गया था।

# बोनट पर टंगा रहा ट्रैफिक पुलिस वाला, गांजे के नशे में चूर ड्राइवर ने 12 किमी तक दौड़ाई कार, आरोपित कार चालक गिरफ्तार

**मुंबई(आरएनएस)।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कार चालक ट्रैफिक पुलिस के सिपाही को करीब 20 किलोमीटर तक घसीटता रहा। हालांकि गनीमत रही कि किसी भी तरह का अप्रिय हादसा नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। युवक सिग्नल तोडक़र जा रहा था। इसके बाद सिपाही ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन युवक ने गाड़ी नहीं रोकी और कांस्टेबल कार की बोनट पर जा गिरा। घटना बीते शनिवार की है। घटना के फुटेज में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि सिपाही कैसे खुद को बचाये हुए है।



पुलिस ने कार चालक नेरूल निवासी आदित्य बेमड़े (23) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा कि वह नशे में गाड़ी चला रहा था। ट्रैफिक कॉन्स्टेबल सिद्धेश्वर माली (37) कार के अगले हिस्से पर बुरी तरह से फंसे रहने के बाद बाल-बाल बच गए। आमतौर पर इस दूरी को तय करने में कम से कम 15-20 मिनट का समय लगता है। यह घटना पाम बीच रोड पर कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सिपाही सिद्धेश्वर माली ब्लू डायमंड जंक्शन पर रेड सिग्नल तोडक़र और एक स्कूटर में टक्कर माकर जा रहे कार चालक को रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक ने गति बढ़ा दी।

इससे पहले कि सिपाही कार के रास्ते से हट पाता, वह बोनट पर जा गिरा। फिर भी रुकने से इनकार करते हुए, कार चालक पाम बीच रोड की ओर बाईं ओर मुड़ गया। इस दौरान उसने कई बार सिपाही को बोनट से गिराने की कोशिश की। तब तक पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि एक पुलिसकर्मी को कार के बोनट पर घसीटा जा रहा है। रास्ते में पुलिस को वायरलेस संदेशों से सतर्क किया गया। इसके बाद पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया।

वाशी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक शशिकांत चांडेकर ने कहा, चालक के चिकित्सकीय परीक्षण में पुष्टि हुई है कि वह नशीला पदार्थ गांजे का सेवन करके नशे में गाड़ी चला रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और उस पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

# आजमगढ़ में ट्रिपल मर्डर : शख्स ने माता-पिता और बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

**आजमगढ़(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में चौकाने वाली घटना सामने आयी है। जहां एक कलयुगी पुत्र ने डांट फटकार के बाद पिता, माता और बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी है। वह इस घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार देर रात ढाई बजे के आसपास की है, जब कप्तानगंज थाना क्षेत्र के धनधारी गांव के निवासी भानु प्रताप सिंह (48), सुनीता (45), राशि (12) सोए हुए थे और बेटा राजन सिंह ने उसी दौरान कुल्हाड़ी से तीनों की हत्या कर दी और फरार हो गया।

इस बात की सूचना ग्रामीणों को सुबह लगी तो उन्होंने थाने पर फोन करके सूचना दी मौके पर निरीक्षक कप्तानगंज पहुंच गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही डीआईजी अखिलेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य सहित पुलिस के तमाम आला अफसर मौके पर पहुंच गए है। मौके पर खोजी स्वान टीम को भी बुलाया गया है। इस बात की सूचना जैसे ही राजन सिंह की बड़ी बहन रानी सिंह को मिली वह आजमगढ़ में अपने बड़े पिता (ताऊ) के यहां शादी की तैयारी में गई थी। पीड़ित भानु प्रताप सिंह तीन भाई हैं। भानु प्रताप सिंह, उदय सिंह, भूपत सिंह।

पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है। ग्रामीणों से जो जानकारी मिली उसके अनुसार राजन ने एक बोरी गेहूं चोरी करके बेच दिया था। इस पर नाराज होकर पिता भानु प्रताप सिंह और उनकी माता सुनीता सिंह ने उसे डांट फटकार लगाई थी। लोगों को आशंका है कि शायद इसी डांट फटकार के बाद बेटे ने इस घटना को अंजाम दिया है। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। फरार हत्यारोपी राजन सिंह की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित की है।

## बांदा में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की धारदार हथियार से काटकर हत्या



**बांदा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जिले में एक ही परिवार के चार सदस्यों की धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतकों में दंपती, पुत्र और महिला शामिल है। हत्यारोपी फरार हो गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। फोटेंसिक और डॉग स्चयड टीम मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, गिरवां थाना इलाके के बड़ोखर बुजुर्ग में शनिवार की देर रात की बताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने चुन्नू (70) पुत्र गंगा, कैलाशिया (68) पत्नी चुन्नू, तिजनिया (76) पत्नी झंडू और प्रियांशु (8) पुत्र बालेंद्र की धारदार हथियार से हत्या कर दी। रात को साथ बैठकर खाना खाने खा रहे थे तभी वारदात हो गई। मृतक हमलावरों से जान बचाने के लिए भागे भी, लेकिन हमलावरों ने जहां पाया वहीं मार दिया। घर में चारों शव अलग-अलग स्थानों पर पड़े मिले हैं। रविवार की सुबह दरवाजा खुला होने पर पड़ोसी को घटना की जानकारी हुई। उसने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल घटना का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस जांच में जुटी है। घटनास्थल सील कर रखा है।

# पाकिस्तान में भयानक हादसा, कार और ट्रक की टक्कर में 6 पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में रविवार तडक़े एक कार और ट्रक की टक्कर में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना जिले के वाध इलाके में क्वेटा-कराची राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कई लोग हताहत हो गए। पुलिस ने मीडिया को बताया कि बचाव दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस कर्मी प्रांतीय राजधानी क्वेटा से प्रांत के हब जिले जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि वे एक पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में एक कोर्स में भाग लेने के बाद ईद-उल-फितर त्योहार के लिए घर आ रहे थे तभी यह हादसा हुआ। पाकिस्तान में अक्सर सडक़ दुर्घटनाएं होती रहती हैं, मुख्य रूप से खराब रखरखाव वाले वाहनों, खस्ताहाल सडक़ों और सडक़ सुरक्षा उपायों की लापरवाही के कारण।

# सोनाली फोगाट मामले में आरोपी सुधीर और सुखविंदर को राहत, कोर्ट से मिली जमानत

**हिसार (आरएनएस)।** भाजपा नेता सोनाली फोगाट की हत्या मामले में गोवा की कोर्ट में दर्ज ड्रग मामले में आरोपी सुधीर सांगवान और सुखविंदर को जमानत मिल गई है। हत्या मामले में जमानत को लेकर अभी सुनवाई चल रही है। हत्या मामले में आरोपी सुखविंदर की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई है। हालांकि सुधीर ने मर्डर केस में जमानत के लिए अर्जी नहीं लगाई।

सुधीर सांगवान और सुखविंदर के क्रिमिनल लॉयर सुखवंत सिंह दांगी ने कहा कि सेशन कोर्ट ने उनके मुवक्किल की ड्रग्स मामले में जमानत स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने अपने फैसले में सुखविंदर की भूमिका सबसे



कम मानी है। उनके मुवक्किल निर्दोष है। हमने मर्डर मामले में सुखविंदर की जमानत के लिए गोवा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिस पर कल सुनवाई है।

भाजपा नेता सोनाली फोगाट 23 अगस्त की सुबह गोवा के होटल में मृत मिली थी। सूचना मिलने पर सोनाली फोगाट का भाई रिंकू और जीजा अमन गोवा पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि सोनाली फोगाट के पीए सुधीर सांगवान और सुखविंदर ने सोनाली की हत्या की है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि सोनाली फोगाट को आरोपी सुधीर सांगवान और सुखविंदर ने एक होटल में ड्रग दी थी उसके बाद उसकी हालत खराब हो गई थी और उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। परिजनों की मांग पर गोवा सरकार ने मामला सीबीआई को सौंपा था। सीबीआई ने अपनी जांच के बाद चार्जशीट अदालत में पेश की थी। उसके बाद आरोपी के वकील ने सुधीर सांगवान और सुखविंदर की जमानत याचिका लगाई थी।

# दुबई की रिहायशी बिल्डिंग में लगी भीषण आग, चार भारतीयों समेत 16 लोगों की मौत

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुबई की एक अपार्टमेंट इमारत में आग लग जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जिनमें केरल के एक दंपति समेत चार भारतीय शामिल हैं। दुबई सिविल डिफेंस ऑपरेशंस रूम' को शनिवार अपराह्न 12 बजकर 35 मिनट पर दुबई के अल रास की एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली।

यह आग इमारत की चौथी मंजिल में लगी और फिर अन्य इलाकों में फैलनी शुरू हो गई। 'दुबई सिविल डिफेंस' मुख्यालय के एक दल ने घटनास्थल पहुंचकर इमारत में रह रहे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। 'पोर्ट सईद फायर स्टेशन' और 'हमरियाह फायर स्टेशन' से भी दलों को बुलाया गया। आग पर अपराह्न दो बजकर 42 मिनट पर काबू पाया जा सका।

दुबई पुलिस मुर्दाघर में मौजूद एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता नसीर वाटनपल्ली के हवाले से बताया कि मृतकों में केरल के एक दंपति सहित चार भारतीय शामिल हैं। उन्होंने कहा, अब तक, हमने इमारत में काम करने वाले तमिलनाडु के दो पुरुषों और केरल के एक दंपत्ति समेत चार भारतीयों, तीन पाकिस्तानी भाइयों और एक नाइजीरियाई महिला की पहचान की है।



रिपोर्ट के अनुसार, वाटनपल्ली ने कहा कि वह दुबई पुलिस, दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास, अन्य राजनयिक मिशन और मृतकों के मित्रों एवं रिश्तेदारों के साथ समन्वय कर रहे हैं। 'दुबई सिविल डिफेंस' के प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इमारत में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारी आग लगने के कारणों की व्यापक जांच कर रहे हैं, ताकि एक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सके।